>

Title: Need to give financial assistance to the Government of Rajasthan for construction of Exhibition Ground at Jaipur - Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर): अध्यक्ष महोदय, जयपुर राजस्थान की राजधानी है और इस स्थान पर प्रतिदिन नुमाईश लगा करती है। रामलीला का स्थान उपयुक्त स्थान नहीं है। जयपुर की जनता प्रदर्शनी प्रेमी है। जो भी विभाग प्रदर्शनी लगा पाता है, उसे एक सप्ताह से अधिक का समय नहीं मिल पाता है और दुकानें लगाने वालों को जो लाभ मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाता है। दिल्ली की भांति जयपुर में भी अप्पू घर की भांति प्रदर्शनी मैदान बनना अति आवश्यक है, जहां स्थायी रूप से दुकानें-स्टाल बनें।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस कार्य के लिए आर्थिक सहायता देकर अनुग्रहीत करें।